बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक : नि० प्रा०/नि०प० 1-03/2026 558 /पटना, दिनांक 6.3.2026

प्रेषक,

कयूम अंसारी,
संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),
उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स०स०),
सीतामढ़ी ।
प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),
बाजपट्टी।

विषय : **मधुरापुर पैक्स, प्रखंड- बाजपट्टी, जिला- सीतामढ़ी के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करने के संबंध में।**

प्रसंग : प्राधिकार का पत्रांक 286 दिनांक 05.02.2026.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मधुरापुर पैक्स, प्रखंड- बाजपट्टी, जिला- सीतामढ़ी के निर्वाचन हेतु प्राधिकार के पत्रांक 111 दिनांक 13.01.2026 द्वारा मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, जिसके अनुसार दिनांक 06.02.2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित था। मतदाता सूची पर विवाद के कारण प्राधिकार के प्रसंगाधीन पत्र द्वारा उक्त पैक्स के मतदाता सूची प्रकाशन कार्यक्रम पर अगले आदेश तक रोक लगाया गया था।

इस संदर्भ में जिला सहकारिता पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं सहायक निबंधक, सहयोग समितियें, पुपरी अंचल, पुपरी द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन के समीक्षोपरांत मधुरापुर पैक्स के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कराने का निर्णय लिया गया है।

अतः निदेश है कि प्रारूप मतदाता सूची पर दिनांक 03.02.2026 तक प्राप्त दावे/आपत्तियों (यदि कोई हो) का नियमानुकूल निष्पादन करते हुए **मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 10.03.2026** को विनिर्दिष्ट स्थलों पर किया जाय। तदनुसार अंतिम प्रकाशन की प्रविष्टि प्राधिकार के वेबसाईट पर भी की जाय एवं अनुपालन प्रतिवेदन उसी तिथि को प्राधिकार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,
6.3.26
(कयूम अंसारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 558 /पटना, दिनांक 6.3.2026

प्रतिलिपि: जिला सहकारिता पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.3.26
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 558 /पटना, दिनांक 6.3.2026

प्रतिलिपि: MIS कोषांग, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि इस कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

6.3.26

संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 558 /पटना, दिनांक 6.3.2026

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6.3.26

संयुक्त सचिव।